हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

## DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

**छत्तीसगढ़ का पहला सर्वसुविधायुक्त 20 बिस्तरीय आयुर्वेद अस्पताल**


मा.मुख्यमंत्री-
श्री विष्णुदेव साय जी द्वारा सम्मानित


मा. पूर्व मुख्यमंत्री-
श्री भूपेश बघेल जी द्वारा सम्मानित





मा. विधान सभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री-
डॉ. रमन सिंह जी द्वारा सम्मानित

मरीजों की भर्ती की सुविधा उपलब्ध

### उपलब्ध सुविधाएँ

**पंचकर्म**
- वमन
- विरेचन
- शिरोधारा
- अभ्यंग
- स्वेदन
- नस्य
- बस्ति

**दर्द निवारण**
- घुटने का दर्द (संधि वात)
- गठिया वात
- गृध्रसी (सायटिका)
- कमर दर्द
- गर्दन दर्द
- ए.वी.एन.
- आमवात (आर.ए.)

**नेत्र रोग**
- पास या दूर का न दिखना
- धुंधला दिखना
- आँखों में दर्द/जलन
- आँखों से पानी आना
- आँखों का सूखापन
- चश्मे का नम्बर कम या ज्यादा होना

**मल द्वार संबंधित**
- पाइल्स (बवासीर)
- फिशर (विदर)
- फिस्टुला (भगन्दर)
- पिलोनिडल साइनस

**स्त्री रोग**
- माहवारी संबंधित रोग
- PCOD, PCOS
- सफेद पानी का जाना
- बांझपन

**मनोरोग**
- अवसाद (डिप्रेशन)
- अनिद्रा
- पार्किंसंस
- स्मृति भ्रम

**पेट संबंधित बीमारियाँ**
- पाचन संबंधित समस्त विकार
- कब्ज
- पेट फूलना
- भूख न लगना

**बच्चों के रोग**
- Cerebral Palsy
- बिस्तर गीला करना
- Hyperactivity
- Immunity
- शारीरिक विकास
- Autism

**चर्म रोग**
- सोरायसिस
- दाद, खाज, खुजली
- कील-मुहाँसे
- सफेद दाग
- बालों का सफेद होना व झड़ना

**जीवन शैलीगत रोग**
- डायबिटिज
- थायरॉइड
- ब्लड प्रेशर
- मोटापा

**लेजर/क्षारसूत्र द्वारा मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज किया जाता है।**

तुरंत राहत | कम लागत
पूर्णतः आयुर्वेदिक | कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं



मल द्वार में मस्से, खून, जलन, दर्द, मवाद, खुजली, सूजन, मलत्याग में कठिनाई
ये लक्षण - पाईल्स, (बवासीर), भगंदर (फीस्टूला) जैसे गुदारोग हो सकते है
एवं अन्य गंभीर बीमारियों का कारण भी बनते है।

उचित दरों पर सर्जरी की सुविधा उपलब्ध

**छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त**
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

समस्त हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों से इलाज के बाद REMBURSEMENTS की सुविधा उपलब्ध

### हमारे विशेषज्ञ


**Dr. Avinash Bais**
Chief Medical Officer, MD Ayurveda Panchakarma Specialist, Acupuncture Specialist, 28 Years of Experience


**Dr.M.Faizan Khan**
Senior Orthopedic Physiotherapist and Manual Therapist MPT Orth (New Delhi), 16 Years of Experience


**Dr.Damini Sahu**
BAMS, Anorectral Specialist Ksharsutra Specialist(Hubli, Karnataka),Prakriti Analyst (NIA, Jaipur), 5 Years of Experience


**Dr. Gourav Dewangan**
BAMS, Ex.RAV (Delhi)
5 Years of Experience


**Dr. Parul Tiwari**
BAMS CCPT (Maharastra) Infertility Specialist (Maharastra) Garbha Sanskar Specialist (Gujrat), 4 Years of Experience


**Dr. Aastha Sanadhya**
B.A.M.S. Skin Specialist (Maharashtra)
2 Years of Experience


**Dr. Abhimanyu Sahu**
B.A.M.S. Pain Consultant (Bengaluru), Agnikarma Specialist (Bengaluru) Chiropractor (Bengaluru), Pancha karma Specialist (Kerala) Dorn Specialist (Germany),10 Years of Experience | Reg. No. 03858A

Rajesh

## डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
सेक्टर - 7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर-कृष्णा टॉकीज के सामने,समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

हॉस्पिटल की लोकेशन हेतु स्कैन करें

## खबर संक्षेप

### फल व्यवसायी के साथ मारपीट, वाहन को किया क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** आरंग से सामान खाली कर ढाबा में खाना खाने रूके महासमुंद के एक फल व्यवसायी के साथ अज्ञात लोगों ने मारपीट कर उसके वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को फल व्यवसायी अमित निषाद निवासी वार्ड नं 27 गुडरूपारा बजरंग चौक महासमुंद ने बताया कि 23 अक्टूबर को वह आरंग से सामान खाली करके अपने पिकअप वाहन क्र सीजी 06 जीएम 4272 को ज्ञानी ढाबा के सामने खड़ी अपने साथी दिनेश यादव के साथ खाना खाने के लिए रूका था। वहीं रोड के दूसरी ओर कुछ लोग वाद विवाद हो रहे थे, जिसको देखने के लिए वह गया, तभी एक चेकदार कपड़ा एवं एक गुलाबी टी शर्ट पहने हुए दो लोगों ने विवाद कर रहे लोगों का साथी समझकर गाली देने लगे। जब उसके दिनेश यादव ने बीच बचाव किया तब उसके साथ भी मारपीट करने लगे और इस दौरान आरोपियों ने पिकअप वाहन के सामने का शीशा भी तोड़ दिया। मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 324(2), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## पेज 11 के शेष

### पूर्व नगरपालिका ...

से हमलावरों को जोर झटका। इसके बाद हमलावर वहां से फरार हो गये इसके बाद भी हमलावारो के द्वारा उनके उपर किये इस हमले से वे घायल हो गये उनके आंख के पास व सिर मे चोंटे आयीं हैं।

**लोगों में बना दहशत का माहौल:** इस घटना के बाद लोगो मे दहशत का वातावरण बना हुआ है खासकर इन दिनो छोटी मोटी बात को लेकर चाकूबाजी की घटना बढ गई है वही बिना किसी बात के भी असमाजिक तत्व लडाई झगडा करने को आतुर हो जाते है आम जनमानस पुलिस प्रशासन से मांग की है की ऐसे गुंडा तत्वो पर ठोस व कडी कार्यवाही करे पुलिस गस्त को बढाने के साथ असमाजिक गतिविधि करने वालो पर सख्ती बरते।

### गुरुद्वारा नानक ...

बंदी छोड़ दिवस एक साथ मनाए जाते हैं। यह केवल दीप उत्सव नहीं, बल्कि अन्याय पर विजय और मानवता की आज़ादी का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कैद केवल लोहे की सलाखों में नहीं होती आज मनुष्य भय, नशे, कुरीतियों, भेदभाव और मानसिक दमन की अदृश्य कैद में भी बंधा हुआ है। बंदी छोड़ दिवस का सच्चा संदेश यह है कि गुरबाणी, सेवा और साहस के मार्ग पर चलकर इन जंजीरों को तोड़ा जाए। दीपावली की रोशनी तभी सार्थक है जब वह अंधकार के हर रूप को चुनौती दे। दीवान उपरांत संगत को मिष्ठान का प्रसाद वितरित किया गया तथा आतिशबाज़ी की गई। बड़ी संख्या में उपस्थित संगत ने गुरु घर में हाज़िरी भरकर इस पावन दिवस की खुशियाँ प्राप्त कीं।

### त्योहार पर ...

कार्यक्रम में माँ लक्ष्मी और भगवान गणेश से जिले एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और निरंतर विकास की कामना की गई। जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल ने कहा कि दीपावली का यह पर्व सद्भाव, एकता और प्रकाश का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि हम सब मिलकर एक दीप जलाएँ — विकास और सकारात्मकता के नाम। इस मौके पर मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### पर्व : पंडित मुकेश शर्मा ने पुजा अर्चना कर की गांव के सुख समृद्धि की कामना

# त्रिवेणी संगम में मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं की गई विसर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

ग्राम पंचायत गिधौरी के ज्वार बाजरा मुहल्ला में जय मां लक्ष्मी युवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भीदीपावली पर्व पर मां जगत जननी लक्ष्मी माता, सरस्वती माता, गणेश जी की प्रतिमा बडीं ही धूमधाम से स्थापित किया गया और लक्ष्मी पुजा धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तथा पांच दिनो तक भक्तों का तांता लगा रहा साथ ही साथ रोज सुबह शाम पुजा आरती के बाद रात में भजन संध्या, जसगीत, झांकी का आयोजन श्रद्धा भक्ति के साथ हुआ ।

पंडित मुकेश शर्मा के द्वारा विशेष पांच दिनों तक सेवा दिया गया और शुक्रवार को बाजे गाजे के साथ मुहल्लावासी नाचते गाते युवा समिति के महिला, पुरूष बच्चे सहित गली मुहल्लों में भ्रमण करते हुए विसर्जन के लिए झांकी निकाली गई और ग्राम गिधौरी के वट विश्राम स्थित महानदी के त्रिवेणी संगम में मां लक्ष्मी, सरस्वती माता, गणेश जी की प्रतिमा को विसर्जित किया गया ।



इस दौरान भारी संख्या में महिलाओं एवं बच्चों सहित जय मां लक्ष्मी युवा समिति के पं. मुकेश शर्मा, दुलेश साहू, सूरज पटेल, देवाकर पटेल, सागर पटेल, सुरेंद्र पटेल, तेरस पटेल, धरम केवट, रामकुमार साहू, संजय साहू, भूपेंद्र साहू, सुखीराम वर्मा, गुजू पटेल, सरोज केवट, दिलहरन यादव, भोलू पटेल, टार्जन पटेल, छोटू पटेल, माधव पटेल, नरेंद्र पटेल, विनय केवट, किशन पटेल, आर्यन पटेल, रवि केवट, नीलकंठ यादव, जयप्रकाश यादव, गुलशन यादव, यश पटेल, किशन बंजारे, सोनू पटेल, विरेंद्र पटेल, निलेश प्रजापति,भूपेंद्र साहू, सागर यादव, जसवंत गुप्ता आदि शामिल थे।

### बाना के साथ हुआ मां लक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन



**कटगी ।** आदर्श ग्राम पंचायत कटगी में मां लक्ष्मी जी की मूर्ति विसर्जन के दौरान दुर्गा चौक के युवा समिति के द्वारा टाटा बिलासपुर से बाना झांकी का आयोजन किया गया था जिसे देखने दूर-दूर से लोग पहुंच रहे थे। युवाओं में मां लक्ष्मी के प्रति आस्था देखने को मिला साथ ही करीब 15 से 20 युवकों ने बाना लिया था। युवा अपने शरीर के विभिन्न अंगों में बाना लिये थे जैसे मुंह, हाथ, जीभ इत्यादि जगहों पर बाना लिये थे यह पूरा आयोजन टाटा बिलासपुर के बैगा लोगों के देखरेख में हुआ। महिलाओं ने यह बाना आयोजन देखकर डर और भयभीत नजर आ रहे थे हालांकि यह सब कई बैगा के निगरानी में हुआ। कटगी के हीरा चौक से होते हुए दुर्गा चौक, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड के साथ जोंक नदी में मां लक्ष्मी और उनके वाहन उल्लू का विसर्जन किया गया। इस दौरान गांव की गलियों में बाना की पूजा के लिए लोग अपने घर के मुख्य द्वार में कलश स्थापित किये थे और गली को पानी से भीगा दिये थे ।



### धूमधाम से मना दिवाली गोवर्धन पूजा और मातर



**खरोरा ।** नहरडीह में हर साल की भाती इस साल भी मातर धूमधाम से मनाया गया। भगवान कृष्ण ने पूरी दुनिया को गोवंश से अवगत कराया। उसी समय गाय को माता का दर्जा मिला और वह पूजनीय हुई। भगवान कृष्ण यादव वंश के थे और फिर तभी से ही यादवों ने गाय को अपना आराध्य माना। पिछले कई दशकों से मातर की परंपरा राज यादव परिवार मनाते आ रहा है, युग युगांतर से चली आ रही परंपरा को छत्तीसगढ़ आज भी निभाता आ रहा है। दिवाली के अगले दिन गोवर्धन पूजा और उसके बाद के दिन को मातर कहा जाता है मातर में मा का अर्थ है माता और तर यानी उनकी शक्ति को जगाना, से माता की शक्ति को जगाते हैं। स्वास्थ्य, सुख-शांति, वैभव की मंगल कामना करते हैं। राउत नाचते हुए दोहा और बाजा के साथ मड़ाई निकाला गया बलराम व कृष्ण बनाकर गांव गलियां घुमाकर मातर स्थल तक लाया गया वहीं जगह-जगह गलियों में दही और मिठाई को रस्सी के माध्यम से लटका रखे थे। बलराम व कृष्ण बने थे लीला के माध्यम से बताया पानी बरसा भी किया गया । यादव समाज के लोग इस कार्यक्रम का तैयारी करते है इसलिए मातर पर्व भाई-चारे का संदेश भी देता है। इस कार्यक्रम में गांव के सरपंच अनिल, उपसरपंच प्रतिनिधि गजेन्द्र साहू, पंचगण, गांव के पुरोहित ओमप्रकाश शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष पूरन, पुष्कर, एवं समस्त ग्रामवासी सम्मिलित रहे।

# मातर त्यौहार की धूम, उत्साह के साथ लोगों ने उठाया मेले का आनंद

**हिरमी रावन ।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपरा को जीवंत करते हुए, बलौदाबाजार जिले के हिरमी अंचल के मोहरा, सकलोर, कुथरौद, रावन, भालेसुर, भटभेरा, गांव में इस वर्ष भी मातर (गौठान/गोवर्धन पूजा) त्यौहार बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्र से आए लोगों ने इस ऐतिहासिक पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। परंपरा और उत्साह का संगम यह त्यौहार मुख्य रूप से पशुधन के प्रति आभार व्यक्त करने और उनकी सुख-समृद्धि की कामना के लिए मनाया जाता है।

सुबह से ही गांव के गौठान में उत्सव का माहौल बन गया था। यादव समाज के लोगों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में राउत नाचा करते हुए मातर की रस्म पूरी की गई, जिसमें लाठी और ढाल के साथ नृत्य करते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया गया। इस दौरान लोगों ने छग के लोक गीतों पर जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को त्यौहार की बधाई दी। भव्य मेले ने खींचा सबका ध्यान मातर त्यौहार के अवसर पर गांव गॉव में भव्य मेले का आयोजन किया गया, जिसने इस उत्सव को और भी खास बना दिया। मेले में बच्चों के लिए झूले, विभिन्न प्रकार के खिलौनों की दुकानें का स्टॉल लगा था । लोगों ने परिवार और दोस्तों





के साथ झूलों का आनंद लिया और पारंपरिक ठेठरी, खुर्मी, गुझिया जैसे स्थानीय पकवानों का स्वाद चखा। खासकर युवाओं और बच्चों में मेले को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। संस्कृति को बढ़ावा दिलेश्वर मढरिया ने इस मौके पर कहा कि मातर जैसे त्यौहार हमारी संस्कृति की पहचान हैं और इन्हें इसी उत्साह के साथ मनाए जाने की जरूरत है ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी भी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे। मातर त्यौहार और मेले के सफल आयोजन ने गांवो में हर्ष और उल्लास का वातावरण बना दिया। यह आयोजन न सिर्फ एक धार्मिक पर्व रहा, बल्कि इसने ग्रामीण एकता और सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूत किया ।

### मातर उत्सव में झलकी लोक संस्कृति की छटा, उमड़ा जनसैलाब



**पलारी ।** कसडोल विधानसभा क्षेत्र के पलारी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत खपरी, दतान और रसौटा में इस वर्ष मातर उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी और पारंपरिक लोक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे क्षेत्र का माहौल उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू सम्मिलित हुए उन्होंने मातर उत्सव की परंपरा को प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए सभी ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिये। विधायक श्री साहू ने कहा कि इस तरह के लोक पर्व ग्रामीण अंचलों में सामाजिक एकता और पारस्परिक सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं उन्होंने युवाओं से भी आह्वान किया कि वे पारंपरिक संस्कृति को संजोएं और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। विधायक साहू ने मातर उत्सव की सफलता के लिए आयोजक समिति और समस्त ग्रामवासियों को हार्दिक धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सामूहिकता और सद्भाव की मिसाल पेश करते हैं उन्होंने ग्रामीणों के विकास कार्यों से जुड़ी कई योजनाओं पर भी चर्चा की और आवश्यक सहयोग का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ग्रामीण महिलाओं युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही कार्यक्रम के अंत में समिति की ओर से विधायक संदीप साहू एवं समस्त अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर हितेंद्र ठाकुर, गोपी साहू, शैलेन्द्र बंजारे, महेंद्र मोनू साहू, धन्नू साहू, मनोज आडिल, झड़ीराम कनौजे, मनीष चंद्राकर, मोहन बंजारे सहित अन्य जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

#### विधायक संदीप मातर उत्सव में किया राउत नाचा

इस दौरान विधायक संदीप साहू ने भी यादव बंधुओं के साथ राउत नाचा कर आकर्षण का केंद्र बने रहे विभिन्न गांवों में आयोजित लोक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सुवा नृत्य, राउत नाचा विशेष छटा बिखेरी जिसमें ग्राम वासियों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान कार्यक्रम में आए कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी लोक धुनों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दिये। जिससे पूरा वातावरण संस्कृति की खुशबू से सराबोर हो गया।

### मातर मड़ाई मेला में उमड़ा उत्साह ग्रामीण संस्कृति की झलक से गूंजा क्षेत्र

**अर्जुनी ।** दीपावली पर्व के पश्चात पारंपरिक रूप से आयोजित होने वाली गोवर्धन पूजा और राउत नाच के माध्यम से मातर मड़ाई मेला का भव्य आयोजन 23 अक्टूबर को ग्राम अर्जुनी और टोनाटार में किया गया। मातर मड़ाई मेला में ग्रामवासियों सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। मेला स्थल लोगों की भीड़ से भरा रहा और पूरे क्षेत्र में लोक संस्कृति की रंगत देखते ही बन रही थी। अर्जुनी के लोकनाथ यदु लखन यदु टोनाटार के नारंतक यादव ने बताया कि दीपावली की अगले दिन गौठान में गोवर्धन पूजा की जाती है जिसके बाद मातर मड़ाई मेला प्रारंभ होता है। यह मातर मड़ाई मेला यादव समाज की परंपराओं का जीवंत प्रतीक है। इसमें राउत नाचा दोहा साखी और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों के बीच युवा और बुजुर्गों ने मिलकर लोक संस्कृति का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि मातर मड़ाई का अर्थ गाय भैंसों की खुशहाली और गौवंश संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। राउत नाचा के माध्यम से ग्रामीणों ने भगवान गोवर्धन की पूजा का महत्व बताया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह मेला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि अपनी जड़ों परंपराओं और गौवंश के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का पर्व है। मातर मड़ाई मेले में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी वर्गों की सहभागिता रही। लगातार घंटों तक चली राउत नाच की प्रस्तुतियों ने लोगों का मनमोह लिया। मातर मड़ाई मेला कार्यक्रम में अर्जुनी सरपंच कविता भगेला ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, गंगाराम यदु, टोनाटार सरपंच विष्णु कोसले, उपसरपंच कुलेश्वर पिंकू वर्मा, रोजगार सहायक मूलचंद यादव, पंच ओमेश कांत यादव, पूर्व जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश साहू, ईश्वर रजक, रामकुमार जायसवाल, शैलेंद्र जायसवाल, मेघनाथ रजक, राजेंद्र रजक, सुनील पटेल सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग और ग्रामवासी उपस्थित थे।



### लवन में दीपावली की रात जगमगाई नगर, घरों और मंदिरों में हुआ भव्य दीपदान



**लवन ।** दीपदान का पर्व दीपावली पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। 20 अक्टूबर की रात नगर सतरंगी रोशनी से जगममाया नजर आया तो वहीं घर व मंदिरों में शुभ मुहूर्त में मां लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में भी आस्था के साथ पर्व मनाया गया। नगरवासी अपने घरों को झालर लाइट से आकर्षक सजावट किए थे। पूजा अर्चना के बाद आतिशबाजी का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक जारी रहा। आतिशबाजी की वजह से पूरे नगर जगमग रोशन नजर आया। दीप पर्व की रात नगर, आसमान, रोशनी से नजर आये शुभ मुहूर्त में घर, दुकान और मंदिरों में माता लक्ष्मी और गणेश जी की पूजा अर्चना हुई। सोमवार को दीपावली का पर्व नगर सहित पूरे ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। शहर और ग्रामीण इलाकों में लक्ष्मी और गणेश की मूर्तियों के साथ साथ मिठाइयों और उपहारों को खरीदारी जोरों पर राही। लोग पटाखों की दुकानों पर भी जुटे रहे, जिससे बाजारों में रौनक और बढ़ गई। पटाखों की दुकानों पर लोग दोपहर से लेकर देर रात तक पटाखे खरीदते रहे, जिससे उत्सव का जश्न और भी रोचक बन गया। घर-घर दीप जलाए गए आंगन में खूबसूरत रंगोली से सजाया गया, रंग-बिरंगी झालरों की रोशनी से दफ्तर, मकान, दुकान जगमग नजर आए।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने गौरीशंकर अग्रवाल से की सौजन्य मुलाकात



**सेल।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से निज निवास स्वर्णभूमि रायपुर में छाया विधायक बिलाईगढ़ एवं जिला पंचायत सदस्य डॉ दिनेश लाल जांगड़े प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी साहू, भाजपा भटगांव मंडल मंत्री हरिशंकर जायसवाल ने सौजन्य भेंटकर से आशीर्वाद लिया तथा दीपावली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार, 25 अक्टूबर 2025

10 त्रिवेणी संगम में मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं की गई विसर्जित



12 भक्तिमय माहौल में हुआ हवन-पूजन और ..





## खबर संक्षेप

### डीटीएच चैनल के माध्यम से शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रसारण

**बलौदाबाजार** । पीएम ई-विद्या योजना के तहत राज्य में कक्षा 9वीं से 12वीं के समस्त विषयों की सामग्रियों के शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रसारण डीटीएच चैनल सहित अन्य टेलीविजन चैनलों में किया जा रहा है। इस योजना अंतर्गत कार्यक्रमों के प्रसारण की समय सारणी विद्यार्थियों को प्रदान करने के उद्देश्य से माह अक्टूबर 2025 के लिए मासिक कैलेंडर का क्लिकेबल पीडीएफ पोस्टर तैयार किया गया है। जिसमें किसी भी तिथि को टच करने से उस तिथि में प्रसारित होने समस्त शैक्षिक कार्यक्रमों की सारणी कक्षावार और विषयवार खुल जाता है। इससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रसारण की सही जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिलती है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे ने सभी विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थी कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ लेने अपील की गई।

### अखण्ड नवधा रामायण 27 अक्टूबर से 6 नवम्बर तक

**गिधौरी** । समीपस्थ ग्राम पंचायत नवीन अमलीडीह में श्रद्धा और आस्था के साथ भव्य श्री अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन किया गया गया है । नवधा रामायण का प्रारंभ 27 अक्टूबर से 6 नवम्बर तक होगा और मानस प्रेमी को सादर आमंत्रित किया गया है। अखण्ड नवधा रामायण कार्यक्रम में प्रथम दिवस पर मुख्य अतिथि राजे महंत राम सुंदरदास महाराज, विशिष्ट अतिथि सुखरामदास महराज, हेमंत दुबे, निर्मल दास, द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि रवि भारद्वाज, विशिष्ट अतिथि नारायण खण्डेलिया, छत्रसाल साहु, भागवत साहु पवनी, धरम वर्मा, खगेसदिस वैष्णव, तृतीय दिवस पर मुख्य अतिथि कविता प्राण लहरे बिलाईगढ़ विधायक , विशिष्ट अतिथि युधिष्ठिर नायक, मोती साहु टुण्डरा, सतीश साहु, माधव साहु, रामशंकर साहु, चतुर्थ दिवस मुख्य अतिथि दुशासन प्रधान सरपंच ग्राम पंचायत कुम्हारी, विशिष्ट अतिथि साधराम पटेल गंगा प्रधान, रामनारायण प्रधान, राज प्रधान, देवनाथ प्रधान, अजय पटेल, नवीन पटजल, पंचम दिवस मुख्य अतिथि गजेंद्र पटेल, तुलेशवर वर्मा, जवाहर पटेल, गिरीश पटेल , रामायण पटेल, पुरी जायसवाल, मोती साहु बरेली, सुशील साहु, रामलाल पटेल, अर्जुन केवंट, षष्ठम दिवस मुख्य अतिथि कुसुम पैकरा जनपद अध्यक्ष कसडोल, देवसिंह, ब्यास श्रीवास, कपिल , राजा वर्मा, सम्मेलाल, बुधराम, संतराम पटेल, सप्तम दिवस मुख्य अतिथि चंद्रदेव राय पुर्व विधायक बिलाईगढ़, हेमंत दुबे, ताराचंद देवांगन, पंकज चंद्रा, भागवत साहु, राजा अग्रवाल , तोषराम साहु, परमानंद साहु, अष्टम दिवस मुख्य अतिथि मनोज तिवारी, राजेंद्र यादव, शिव सोनी शिवरीनारायण होंगे।

### दिवाली चंदा के नाम पर पत्नी-पत्नी से मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम मुढ़ीपार में दिवाली चंदा के नाम पर एक व्यक्ति और उसकी पत्नी से मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी निरंजन साहू ने बताया कि 23 अक्टूबर की दोपहर वह अपने घर में था। इसी दौरान गांव का तुषार ठाकुर उसके घर आकर दीपावली चंदा के नाम पर पचास रुपये लेकर चला गया। कुछ देर बाद वह फिर घर में जबरदस्ती घुस गया और कहा कि तुम हमारे गांव में रहते हो, दीपावली का और चंदा देना पडेगा। जब उसने कहा कि पैसा नही है, तब आरोपी ने गाली गलौज कर उसके दाहिने हाथ के छोटी उंगली को दांत से काट दिया। जब उसकी पत्नी सुनीता साहू बीच बचाव करने लगी, तब आरोपी तुषार ठाकुर हाथ में रखे डंडे से मारपीट करते हुए बाल पकड़ कर जमीन पर गिरा दिया।

# पीएम सौर ऊर्जा योजना से बिजली पर आत्मनिर्भरता बढ़ेगी आकांक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा मुख्यालय में आज नगर भवन बलौदाबाजार में शासन के विभिन्न योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु जिला प्रशासन की ओर से प्रदर्शनी शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमे विद्युत विभाग प्रधान मंत्री सुर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, श्रम विभाग एवं अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रदर्शनी का भव्य आयोजन योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु किया गया था।

उक्त कार्यक्रम के निरीक्षण हेतु जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल उपस्थित हुई और विभिन्न योजनाओं की आवश्यक जानकारी प्राप्त किये। उक्त अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने विशेष रूप से प्रधान मंत्री सुर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में कहा कि यह योजना मान. प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है और यह योजना निश्चित रूप से आम जनों के लिए वरदान साबित होगी। इस योजना के लिए केंद्र और राज्य दोनों की सहायता प्राप्त हो रहीं है और साथ ही विभिन्न बैंकों से फाईनेंस सुविधा भी प्राप्त हो रहीं है। हमे आवश्यकता है कि इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें और इस योजना के लाभ को प्रत्येक ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाये।

## शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार हेतु भव्य प्रदर्शनी शिविर आयोजित

- विभिन्न विभागों ने लगाई योजनाओं की झलक दिखाने वाली प्रदर्शनी





### जिपं अध्यक्ष ने की सभी से अपील

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल ने सभी को अपील करते हुए कहा की आप सभी अपने घर के छतों में सोलर पैनल लगवाये और पायें अपने बिजली बिल से बचत साथ ही सोलर पैनल लगवाने के विभिन्न फायदों के बारे में लोगों को अवगत करायें। शिविर में बलौदाबाजार पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, मंडल महामंत्री संजय श्रीवास,सभी विभाग के प्रमुख अधिकारी, विभिन्न बैंकों के मैनेजर, पार्षद अमितेश नेताम एवं योजना से जुड़े वेंडर व आमजन भी उपस्थित रहें।

## जर्वे के गौरा-गौरी चौराहे में चला क्रूरता का खेल, घर में हमला पिता-बेटे ने भागकर बचाई जान

# युवक को चौराहे पर बांधकर पीटा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

गोवर्धन पूजा की रात पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम जर्वे में एक भीषण हत्या की घटना ने इलाके को दहला दिया। पुरानी रंजिश के चलते आरोपी परिवार ने 22 वर्षीय कैलाश वर्मा को गांव के चौराहे पर रस्सी से बांधकर बेरहमी से पीटा।

घंटों क्रूरता का खेल चलता रहा। जिससे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला बुधवार शाम का है। दोपहर में हुई एक बहस के करीब सात घंटे बाद, आरोपी कामेश्वर साहू, जत साहू, अंशु साहू और बिहारी साहू समेत उनके परिवार के सदस्य डंडे और रॉड लेकर कैलाश, उनके पिता पुरुषोत्तम वर्मा (60) और भाई बुद्धि सागर (25) पर रात्रि 8 बजे टूट पड़े। जिसे परिवार के लोगों ने बीच बचाव कर घर में बंद कर लिया, लेकिन आरोपियों ने आधे घंटे बाद घर का दरवाजा तोड़कर दोबारा घर में घुसकर हमला किया। पिता और बड़ा बेटा पिछले दरवाजे से भागने में सफल रहे, लेकिन कैलाश को उसकी माँ के सामने ही पकड़ लिया गया। आरोपियों ने कैलाश को घर से खींचते हुए करीब 70 मीटर दूर गौरा-गौरी चौराहे तक ले जाया। वहाँ उसे और उसके दोस्त प्रकाश साहू को रस्सी से बांधकर सामूहिक रूप से डंडों और रॉड से बेरहमी से पीटा गया। पुलिस को रात करीब 10 बजे सूचना मिली। पुलिस टीम ने कैलाश को भीड़ और आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया और पलारी अस्पताल लेकर आए ।

### थाना प्रभारी ने एंबुलेंस में दी सीपीआर

कैलाश को पहले पलारी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी हालत गंभीर देखकर थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने स्वयं उसे एंबुलेंस में जिला अस्पताल ले जाने का फैसला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एंबुलेंस में जाते समय युवक की सांसें बहुत कमजोर हो गई थीं, जिसके बाद थाना प्रभारी ने खुद उसे सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) देना शुरू किया। अस्पताल पहुंचने पर भी उन्होंने खड़े-खड़े उसके इलाज की निगरानी की। रात करीब 12 बजे तक जब कैलाश की हालत कुछ स्थिर हुई, तो थाना प्रभारी रात 2 बजे वापस लौट आए। लेकिन दुर्भाग्य से, सुबह तक कैलाश ने अपनी जान गंवा दी।




### पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

इस मामले में डीएसपी तुलसी लेकाम ने बताया, एक साल पहले हुई एक सड़क दुर्घटना को हत्या समझकर आरोपी परिवार ने गांव जरवे में कैलाश वर्मा को खंभे से बांधकर पिटाई की। बीच-बचाव करने आए उसके बड़े भाई और पिता के साथ भी मारपीट की गई। सूचना पर पलारी पुलिस तत्काल पहुंची और युवक को छुड़ाकर अस्पताल भर्ती कराया। दुर्भाग्य से जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई बुद्धेश्वर वर्मा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। जांच जारी है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गाँव के लोगों ने आरोपी परिवार के दबदबे के कारण हस्तक्षेप न कर पाने की बात कही है।

## पूर्व नगरपालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पर जानलेवा हमला



**भाटापारा**। बीते गुरूवार की रात पूर्व न.पा.अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता ( मुन्ना) गुप्ता स्वीट्स हटरी बाजार के संचालक को अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया अचानक पीछे की ओर से हुए हमले मे सुनील गुप्ता के आंख और सिर मे छोटे आयीं है और उनका चश्मा भी इस हमले से टूट गया हटरीबाजार जैसे सघन व भीडभाड रहने वाले इलाके मे इस तरह खुलेआम हमला करने से आसपास रहवासी दुकानदार घटना से भयभीत हो गये है कि असामाजिक तत्व कभी भी किसी के साथ इस तरह का वारदात कर सकते है।

- पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शुरू की आरोपियों की तलाश

घटना रात 9:30 बजे की बतायी जा रही सुनील के छोटेभाई अनिल गुप्ता ने बताया की रोज की तरह दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे और दुकान के दो तरफ का शटर बंद कर मुख्य शटर को बंदकर ताला लगाने की तैयारी कर ही रहे थे कि पीछे की ओर से दो लोग आये और उनके उपर धारदार हथियार चाकू से हमला कर दिया अपने उपर हुए इस अप्रत्याशित हमले से सुनील हडबडा गये और और अपने बचाव मे अपने हाथ मे पकडे ताला से ▶▶ शेष पेज 10 पर

### खंगाले जा रहे हैं सीसीटीवी कैमरे

घटना के संबंध मे जानकारी देते हुए शहर टी.आई.प्रवीण मिंज ने बताया की घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पडताल शुरू की आसपास लगे सीसी टीवी कैमरे से आरोपियों की पतासाजी की जा रही है वैसे तो हटरीबाजार का इलाका हमेशा चहलपहल रहता है किन्तु दीपावली त्योहार के चलते घटना वाले दिन रात मे इस इलाके मे सन्नाटा था हमलावरों की नियत क्या थी वे कौन से उद्देश्य को लेकर इस घटना को अंजाम दिया इसकी पडताल की जा रही है वही पुलिस संदिग्ध लोगो की तलाश कर घटना के तह तक आने मे जुटी हुई है।

# गुरुद्वारा नानक दरबार में मना बंदी छोड़ दिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर के गुरुद्वारा नानक दरबार में बंदी छोड़ दिवस बड़ी श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम का आरम्भ संगत द्वारा गुरुद्वारा परिसर में दीपमाला कर गुरु घर को रोशन करने के साथ हुआ। तत्पश्चात संध्या के दीवान में रहिरास साहिब जी के पाठ उपरांत स्त्री सत्संग द्वारा कीर्तन गायन हुआ। ज्ञानी हरि सिंह बेदी ने बंदी छोड़ दिवस का इतिहास, उसकी आज के समय में प्रासंगिकता तथा दीपावली के साथ इसके एकत्र मनाए जाने का महत्व विस्तार से स्पष्ट किया। ज्ञानी हरि सिंह बेदी ने कहा जब छठे पातशाह गुरु हरिगोबिंद साहिब ग्वालियर किले की कैद से 52 राजाओं को साथ लेकर मुक्त होकर अमृतसर साहिब पधारे, तब श्री हरमंदिर साहिब को दीपों की रोशनी से सजाकर संगत ने इस मानव मुक्ति का स्वागत किया। उसी ऐतिहासिक प्रसंग की स्मृति में आज भी दीपावली और ▶▶ शेष पेज 10 पर

- दीपमाला और कीर्तन से रोशन हुआ परिसर
- ज्ञानी हरि सिंह बेदी ने दिया मानवता और स्वतंत्रता का संदेश

## त्योहार पर जनप्रतिनिधियों ने मंत्री टंकराम वर्मा को दी शुभकामनाएं



**हथबंद** । दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं मातर तिहार के पावन अवसर पर जनपद अध्यक्ष एवं नवापारा हथबंद मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चवरे , विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, सरपंच डोमार मारखंडे तथा मंडल के जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारीगणों ने बलौदाबाजार विधानसभा के लोकप्रिय विधायक एवं मंत्री माननीय टंकराम वर्मा से उनके निज निवास चापा पहुँचकर भेंट की। इस दौरान सभी ने मंत्री को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। ▶▶ शेष पेज 11 पर

## साहू परिवार गया सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने, घर से जेवर व नकदी की हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेल में सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने गए एक परिवार के घर को चोरों ने निशाना बना कर पैसे और ज्वेलरी पर हाथ साफ कर दिया घटाने की जानकारी परिवार को तब पता चला जब वे कार्यक्रम देखकर घर आए इस दौरान घर के दरवाजा पर लगा ताला और आलमारी टूटा पड़ा था। चोरी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने गए और घर को सुना पाकर अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया पीड़ित ने इसकी शिकायत कसडोल थाने में किया।

- सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने गए परिवार का घर बना चोरों का निशाना
- कसडोल पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच



पीड़ित पवन साहू ने बताया है कि ग्राम सेल का रहने वाला हूं, मनिहारी सामान बेचने का कार्य करता हूं। 07 अक्टूबर को मैं अपनी साली गणेशी साहू के तबियत खराब होने के कारण रायपुर गया था तथा नवकार अस्पताल टैगोर नगर रायपुर मे रह रहा था। घर ग्राम सेल मोतीपुर रोड मे सब स्टेशन के सामने मेरी पत्नि तथा मेरी मां एवं मेरे दो छोटे छोटे बच्चे रहते है। 23.अक्टूबर की रात्रि 11.00 बजे मेरी पत्नि सोनबाई साहू तथा मेरी मां कौशिल्या बाई साहू एवं बच्चे गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने गये थे तथा घर मे ताला लगा दिये थे ।

### सोने के जेवरात व नकदी चोरों ने किए पार

कार्यक्रम देखकर मेरी पत्नि तथा मेरी मां एवं बच्चे रात्रि करीबन 01.30 बजे घर आये तो देखे की घर के सामने के दरवाजे का ताला टुटा हुआ था तब अंदर जाकर देखे तो घर के कमरे के सामने दरवाजे का ताला टुटा था एवं अलमारी के लॉक को चिमटा से तोडा गया था तथा आलमारी के अंदर रखे एक नग सोने का हार, दो नग सोने का झुमका, एक नग सोने का टाप्स, दो नग चाँदी का पायजेब, दो नग चाँदी का फैंसी पायजेब, दो नग चाँदी के बच्चा पायल, दो नग चाँदी का पायल, एक नग चाँदी के हाफ करधन, एक नग चाँदी के बच्चा करधन, एक नग सोने के नाक के फुल्ली तथा नगदी रकम 100000 रूपये को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। तब मेरी पत्नि सोनबाई साहू मुझे फोन करके घटना की सूचना दी तब मै दिनांक 24.10.2025 को सुबह घर आया तथा देखा की मेरे घर के दरवाजे एवं आलमारी का ताला टुटा हुआ है तथा सोने चाँदी के जेवर एवं नगदी रकम गायब है तब मै आसपडोस एवं गांव के गणमान्य व्यक्तियो से सलाह मशवरा कर चोरी की घटना की रिपोर्ट थाने आकर दर्ज कराया हूं। कसडोल पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है आरोपी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स जल्द करेगा कलेक्टर से शिकायत

# श्रम विभाग पर व्यापारियों ने लगाए उगाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर में दीपावली की रौनक के बीच श्रम विभाग की कार्रवाई ने व्यापारियों में हड़कंप मचा दी है। बताया जा रहा है कि विभाग की टीम कार्यस्थलों पर महिला यौन उत्पीड़न निवारण समितियों के गठन की जांच के नाम पर दुकानों और प्रतिष्ठानों में आई थी जहां व्यापारियों से बिना किसी वैध कारण के उनसे दस्तावेज मांगे जा रहे थे और जांच में अनियमितता बताकर धमकाया जा रहा था। व्यापारियों का आरोप है कि श्रम विभाग के लेबर इंस्पेक्टर और उनकी टीम ने शहर के विभिन्न बाजारों में दुकानों का निरीक्षण करते हुए 5 से 10 हजार रुपये तक की वसूली की है। व्यापारियों का कहना है कि विभागीय टीम ने महिला यौन उत्पीड़न जांच समिति गठित करने के नाम पर दुकानों से राशि मांगी, वहीं कुछ दुकानों में जाकर फटाका की भी मांग की है। उक्त मामले को लेकर लेबर इंस्पेक्टर रामचरण कौशिक ने बताया कि "हमें उच्च अधिकारियों से निर्देश प्राप्त हुआ था कि जिन संस्थानों में 9 से अधिक श्रमिक कार्यरत हैं, वहाँ महिलाओं की 5 सदस्यीय समिति गठित की जाए। इसी निर्देश के पालन हेतु हमारी 4 लोगों की टीम कुछ दुकानों में गई थी और आवश्यक फॉर्मेट भरवाए गए। किसी भी व्यापारी पर कोई दबाव नहीं बनाया गया है।



### कोई लिखित शिकायत नहीं मिली: सहायक श्रम अधिकारी

सहायक श्रम अधिकारी सूरज कुमार ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा— "चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। यदि शिकायत आती है तो विभागीय स्तर पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। हवा में आरोप लगाने पर कार्रवाई नहीं होती।

### कलेक्टर से करेंगे शिकायत

वहीं, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर ने बताया कि "हमारे फटाका दुकान में श्रम विभाग के अधिकारी पहुंचे थे। उस समय मैं मौजूद नहीं था। मेरे लड़के के फोन से उन्होंने बच्चों के लिए फटाका की मांग की। मैंने कहा कि आप सक्षम हैं तो मांगने की क्या जरूरत तो विभाग की टीम वहां से चले गई लेकिन बाजार में उन्होंने व्यापारियों से वसूली की है जो अनुचित है। इस मामले में सभी व्यापारियों से बातचीत करेंगे उसके बाद कलेक्टर से मुलाकात कर इसकी शिकायत करेंगे।

स्टाफ की आवश्यकता है

मैनेजर - 2 पद
अकाउंटेंट - 2 पद
नर्सिंग स्टाफ - 5 पद
रिसेप्शनिस्ट - 3 पद
PRO - 5 पद

प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. राबिया वसीम
डायरेक्टर व डेंटल सर्जन
आर्थोपेडिक्स एवं क्रिटिकल केयर
जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग
जनरल मेडिसिन विभाग एवं ICU

नोट: अनुभवी को प्राथमिकता एवं वेतन योग्यतानुसार
संपूर्ण दस्तावेज के साथ सम्पर्क करें




ओमकार
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर
छुईहा, भाटापारा रोड, बलौदा बाज़ार, जिला: बलौदाबाज़ार-भाटापारा (छ.ग.)
मो.: 9669861908, 7869611406

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
24 अक्टूबर 2025
SHOW TIME
थामा
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
एक दीवाने की दीवानियत
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### भाई दूज पर बहनों ने भाइयों को लगाया तिलक

**पलारी** I भाइयों की लंबी उम्र और सुख - समृद्धि की कामना भाई - बहन के पवित्र बंधन को मजबूत करने के लिए भाई दूज का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बहने अपने भाइयों की लंबी आयु और सुख समृद्धि की कामना के लिए भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर और आरती उतारी। भाइयों ने बहनों को उपहार देकर प्यार और सम्मान प्रकट किया।

### चारोदा में हुआ श्रीमद भागवत कथा शुभारंम्भ



**पलारी** I कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ चरौदा में भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन करता लोभान सिन्हा एवं समस्त ग्रामवासी चरौदा कथा व्यास पं. श्री रमाकांत तिवारी लड्डू गोपाल मन्दिर पिपलेश्वर धाम कांकेर वाले कथा वाचक होंगे I

### मैकूलाल ने सीएम और शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**कोमाखान**। महिलाओं व युवतियों के साथ छेड़छाड़, अत्याचार, अपहरण, लूटमार हत्या के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए सेल्फ डिफेंस के लिए नियुद्ध सीखने की आवश्यकता पर जोर देते हुए आचार्य मैकुलाल चक्रधारी ने मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री को पत्र लिखा है।

## निधन

### मनहरण साहू

**पलारी**। ग्राम देवसुंद्रा निवासी



मनहरण साहू 80 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है। जिसका अंतिम संस्कार महादेव घाट रायपुर मे किया गया, वे वरिष्ठ समाज सेवी स्व. मनिहारी साहू के भाई, सुनील साहू, शेखर साहू के पिता, रामकृष्ण, ग्राम पंचायत देवसुंद्रा सरपंच अभिराम अवधेश मोहन साहू के चाचा थे I उनके निधन पर सामाजिक, व राजनितिक जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या मे उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की I

### लेखराम यादव

**बंगोली** I ग्राम बंगोली निवासी लेखराम यादव 50 का आकस्मिक निधन दिनांक 24 अक्टूबर शुक्रवार को हो गया, जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के श्मशान घाट मे किया गया ।अंतिम यात्रा मे स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल हुए I वे फगनी यादव के ज्येष्ठ सुपुत्र, लक्ष्मी यादव के पति, दिलेंद्र यादव के अग्रज तथा विक्रम यादव के बड़े पिता थे I

### पुनाराम वर्मा

**बंगोली** I ग्राम बंगोली निवासी



पुनाराम वर्मा 75 वर्ष का आकस्मिक निधन शुक्रवार को हो गया जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम मे किया गया I अंतिम यात्रा मे वर्मा परिवार सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल रहे I वे प्रेमिन वर्मा के पति, दिलीप वर्मा के पिता तथा परदेशी वर्मा, बिदेशी वर्मा एवं लक्ष्मण वर्मा (शिक्षक) के बड़े भाई थे तथा दिपॉशु वर्मा, स्वाती वर्मा, श्वेता वर्मा के दादा थे I

# दीपावली पर सट्टा-शराब और चाकूबाजी से बिगड़ी शांति व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

> ■ पुलिस की लापरवाही से बढ़ा असामाजिक तत्वों का हौसला

पुलिस थाना गिधपुरी क्षेत्र में दीपावली पर्व में थाना क्षेत्र के ग्राम में सरेआम शराब एवं जुआ सट्टा देखने को मिला जिसके चलते विभिन्न स्थानों मे वाद विवाद मारपीट एवं चाकूबाजी भी हुआ है विगत दिनों ग्राम दतरेंगी व सुन्दरावन में दो पक्ष के विवाद के चलते चाकू बजी हुआ था जिससे कई घायल हुऐ थे। चरौदा, दतरेंगी, गैतरा, तेलासी, सुन्दरावन आदि ग्राम में मारपीट का घटना सूचना प्राप्त हुई है। थाना प्रभारी द्वारा समय-समय पर इन ग्रामों में पेट्रोलिंग गाड़ी घूमती रहती तो शायद यह घटना नहीं हुआ रहता | ग्राम सुन्दरावन में सट्टा पट्टी चौक चौराहा में बेखोब लिखा जा रहा है जिससे बुजुर्गों के अलावा छोटे-छोटे बच्चों सट्टा खेलने की लत पढ़ चुकी है। गांव के आसपास के अलावा दूर-दराज के लोंग भी आकर सट्टा खेलते है। जिसकी सूचना जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण थाना प्रभारी को दी गई है परंतु उनके द्वारा कोई भी कार्यवाही नही किया गया है। जिससे सट्टा लिखने वाले व्यक्ति का मनोबल बढ़ते जा रहा है यह भी कहा जा रहा है कि गांव के आलावा अपने व्यक्ति को ग्राम तेलासी, जुनवानी में भी बैठाकर सट्टा पट्टी लिख रहा है।

## दतरेंगी, सुन्दरावन समेत कई गांवों में विवाद और मारपीट की घटनाएं

### चाकूबाजी होने से ग्रामीण सकते में

गांव में शराब कोचिया द्वारा सरेआम शराब की बिक्री जोरो से चल रही है। ऐसी स्थिति में छोटे-छोटे बच्चे जो स्कूल पढ़ाई के लिए जा रहे हैं, वह डरे हुए रहते हैं की कोई अनहोनी घटना न हो विगत महीना हाई स्कूल भवानीपुर के पास एक छात्र की ट्रक से एक्सीडेंट भी हुआ था जिनकी घटना स्थल ही में मृत्यु हो गई थी I क्षेत्र में दो स्थानों पर चाकूबाजी होने के चलते क्षेत्र के ग्रामीण बहुत ही चिंतित हैं पहले ऐसे कोई घटना नहीं हुई है। अपने परिवार एवं ग्रामीण को कह रहे हैं कि आप सही समय मैं आना-जाना करें समय ठीक नहीं है जिससे ग्रामीण चिंतित हैं। इस संदर्भ में एडिशनल एस पी अभिषेक सिंह ने कहा कि मुझे अभी जानकारी प्राप्त हुई है, मैं तत्काल उनके ऊपर कार्रवाई करवा रहा हूं ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बना रहे I

### पुलिस पेट्रोलिंग न होने से बढ़ी परेशानी

ग्रामीणों का कहना है कि यदि हम संबंधित के बारे में बताते हैं तो पता चल जाता है और इनडायरेक्ट गाली गलौज भी करते हैं। जिससे अनहोनी होने का डर भी बना रहता है।थाना प्रभारी गिधपुरी के द्वारा त्यौहार के पहले शांति समिति की मीटिंग भी नहीं लिया गई है। यदि मीटिंग हुआ रहता तो क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण द्वारा गांव सहित क्षेत्र के बारे में हालात बदलते और रात में पेट्रोलिंग गाड़ी भी नही घूमती है। क्षेत्र में घुमंतू व्यक्ति भी देखने को मिल रहा है। विगत दिनों ग्राम खपरी भ में चोरी की घटना हुई है परंतु अब तक इसमें कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है थाना क्षेत्र के 50% प्रतिशत ग्रामों में अवैध शराब की बिक्री बड़े पैमाने की जा रही है थाना प्रभारी द्वारा खानापूर्ति की कार्रवाई की जा रही है I

## आयोजन : समिति ने विधि-विधान से किया मां काली का विसर्जन

# भक्तिमय माहौल में हुआ हवन-पूजन और निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

जय मां काली का पूजा अर्चना कर हवन पूजन कर विसर्जन किया गया था। शाम पांच बजे भव्य शोभायात्रा निकालकर जय मां काली माता का अंतिम रूप से दर्शन करने के लिए जनसैलाब उमड़ा था। काली माता का पूजा अर्चना करते हुए भक्तगण ने विसर्जन किया गया है। गांव के महिलाओं ने थाली में आरती उतारकर पूजा अर्चना सुख समृद्धि का कामना किया गया है। हवन पूजन कार्यक्रम विधि विधान से किया गया है। आचार्य के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ जवां किया गया था।

20 अक्टूबर को जय मां काली पूजन का स्थापना किया गया था। दीपावली पर्व में भक्तिमय वातावरण बना हुआ था। प्रतिदिन रात्रिकालीन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया हैं। संध्या महाआरती में पूजा अर्चना कर आशिर्वाद प्राप्त कर प्रतिमा स्थापित किया गया था। स्थानीय सड़क पारा बस स्टैंड के पास जय मां काली समिति सड़क पारा के नवयुवक जय मां काली समिति के द्वारा विधि विधान से मूर्ति स्थापित किया गया है। गांव में भक्तिमय वातावरण माहौल बना हुआ था। दिपावली पर्व के मौके पर जय मां काली का मूर्ति स्थापित किया गया है।



### गांव में बना धर्म-कर्म का माहौल

20अक्टूबर को रात्रिकालीन में स्थापना एवं कलश पूजा प्रारंभ 21 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। माता काली का संध्या महाआरती में भक्तों ने बड़ी संख्या में सम्मिलित हो रहा हैं। गांव में धर्म कर्म का माहौल बना हुआ है, आस्था का केंद्र बना हुआ हैं। माता काली का जयकारे लगाते हुए भक्तगण पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया है। दिपावली के मौके पर धार्मिक भावनाओं से मूर्ति स्थापित किया गया है। 24 अक्टूबर को काली माता का विसर्जन किया गया।

### ये रहे शामिल

24 अक्टूबर को हवन पूजन कार्यक्रम के बाद कन्या पूजन कर काली माता का प्रतिमा का विसर्जन किया, जिसमे नवयुवक जय मां काली समिति के अध्यक्ष परमेश्वर साहू, उपाध्यक्ष नामू वर्मा, कोषाध्यक्ष तेजपाल वर्मा, सचिव हरिश कुमार साहू, सहसचिव नरेंद्र कुमार वर्मा, उप कोषाध्यक्ष रंजन कश्यप, मंच संचालक विजय कुमार ध्रुव, मंच संचालक राहुल वर्मा, आचार्य हरिश महराज कटगी वाले। जिसमें बैगा पीलू राम ध्रुव, सदस्यगण पंकज कुमार जायसवाल, श्रीकिशन साहू, राहुल वर्मा, लालू वर्मा, विरेंद्र कुमार साहू, विजय कुमार पैंकरा, रामकुमार साहू, रंजन कश्यप, अजय जायसवाल, ओमप्रकाश साहू, अजय वर्मा, नरेंद्र कुमार वर्मा, संजू पैंकरा, पूर्वी सिंह पैंकरा, दिलेश कुमार साहू, लक्ष्मण साहू, किशन यादव, योगेश कुमार यादव, ओंकार साहू, लवकुमार साहू, संजय वर्मा, रवि वर्मा, व्यासनारायण कश्यप, चंद्रशेखर यादव, निशांत साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, खिलावन साहू, पुरषोत्तम साहू, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेल के प्राभारी प्राचार्य सीएम साहू सहित समस्त ग्रामवासी शामिल थे।



# सांस्कृतिक धरोहर को संजोना हमारा दायित्व : शिवरतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने नगर के धुरंधर वार्ड मे बुधवार को आयोजित गौरा-गौरी विसर्जन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भगवान शंकर माता पार्वती की पूजा अर्चना कर सभी की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि गौरा-गौरी पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह हमारे ग्रामीण जीवन, सामाजिक एकता और सुंदर संस्कृति का एक महान प्रतीक है। जिस तरह से हमारे पूर्वजों ने इस समृद्ध संस्कृति को संजोकर रखा है, हमारा भी यह दायित्व बनता है कि हम आगे आकर इसे निरंतर बढ़ाएँ और अपनी युवा पीढ़ी को भी इसमें रुचि लेने के लिए प्रेरित करें। यह पूजा हम सबको अपनी माटी और जड़ों से जोड़ती है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती हम सबके आराध्य हैं, और गौरा-गौरी पूजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर की महानतम पहचान है। इस पावन अवसर पर शिवरतन शर्मा ने वार्ड वासियों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें पर्व की मंगलमय शुभकामनाएं दीं। पूरा वार्ड इस दौरान पारंपरिक लोक-संगीत और आस्था के रंग में रंगा रहा।

### ताबा तालाब में हुआ मां लक्ष्मी को विसर्जन

**गोपालपुर** I गाँव मे मां लक्ष्मी के मुर्ति के स्थापना किया गया था। सभी लोगों ने आस्था से पुजा अर्चना किया और रात्री कालीन मे कार्यक्रम के प्रस्तुति होते थे। जो दर्शको का भारी भीड़ खचाखच भरा रहता था और अंत मे हुमन करके सभी लोगों ने सहस्त्र धारा स्नान कर दान पुन किए और भंडार मे भोजन किया I तब मां लक्ष्मी को डी जे के साथ नाचते हुए गाँव के ताबा तालाब मे विसर्जन किया गया, अंत मे प्रसाद वितरण किया गया।



# मातर उत्सव में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत भरुवाड़ीह के आश्रित गांव पौसरी में मंत्री टंकराम वर्मा मातर उत्सव कार्यक्रम में पहुंचकर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करते हुए ग्रामीणों को मातर उत्सव कार्यक्रम की बधाई दी गई। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मातर उत्सव छत्तीसगढ़ का एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो दीपावली गोवर्धन पूजा के बाद मनाया जाता है। यह त्योहार मातृ शक्ति की उपासना का प्रतीक है जहां 'मातर' का अर्थ है माता और 'तर' यानी उनकी शक्ति को जगाना।

मातर उत्सव छत्तीसगढ़ की संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो समाज में एकता और सौहार्द को बढ़ावा देता है। यादव समाज के लोग गौ माता की पूजा करते हैं और उनकी महत्ता को स्वीकारते हैं। गाय को विश्व की माता माना जाता है, और इस दिन उसकी विशेष पूजा की जाती है। मातर उत्सव के दौरान राउत नाचा जिसमें समुदाय के लोग पारंपरिक पोशाक में रंग-बिरंगे कपड़ों में डंडों के साथ नृत्य किया। मातर उत्सव कार्यक्रम के दौरान सरपंच नरेंद्र कश्यप, सचिव हरिकिशन वर्मा, सचिव बलराम वर्मा, रामेश्वर यदु, छबिलाल दांडेकर, कमलेश्वरी यदु, टुकेश्वर यदु, अशोक यदु, भोजराम यदु, राधेश्याम यदु, तुलसी वर्मा, बबला यदु, खिलेश्वर वर्मा, प्रेमलाल वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### बंगोली में हुई रास व गोवर्धन लीला

**बंगोली** I भाई दूज, अन्नकूट के सुअवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नटवर नागर गोवर्धनधारी भगवान श्रीकृष्णचंद्र, राधा रानी सहित ग्वाल बाल व सखियाँ सुनयना, चंद्रवली, ललीता, बिशाखा, सुदामा, मनसुखा द्वारा राहस नृत्य, गोवर्धन लीला का शानदार प्रदर्शन बाजार चौक रंगमंच मे किया गया I अभिनयकर्ता पूरब धुरंधर श्रीकृष्ण, राधा रोशन वर्मा, सखियां-बबीता सेन, इप्शिता सेन, सुप्रिता सेन, पीहू सेन व ग्वाल बाल कपिल वर्मा, बबलू वर्मा, हिमॉचल वर्मा, नूतन साहू, लकेश्वर धीवर तथा व्यास पीठ पर दौलत धुरंधर, टकेश्वर धीवर, ईश्वरी यादव, हरिश धीवर, जगदेव कंडरा सहित लीला मंडली के अन्य सदस्य द्वारा लीला संपन्न हुए I



# गौरा-गौरी विसर्जन में झलकी लोक आस्था और एकता की छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

> ■ आदिवासी समाज ने दिखाया सांस्कृतिक समरसता का सुंदर उदाहरण

विधानसभा अंतर्गत ग्राम गुर्रा, टोनाटार, मोपकी एवं नगर के सुभाष वार्ड, बलभद्र वार्ड में गौरा–गौरी विसर्जन के पावन अवसर पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुरूप भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन सम्पन्न हुआ। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा, सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक आस्था का सजीव प्रतीक हैं। सभी स्थानों पर ईसर गौरा एवं माता गौरी का पूजन-अर्चन श्रद्धा और भक्ति भाव से किया गया। ग्रामवासी, बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने मिलकर इस पारंपरिक उत्सव में सक्रिय भागीदारी निभाई। पूरे क्षेत्र में भक्ति, आनंद और सौहार्द का वातावरण व्याप्त रहा।



इसी क्रम में ग्राम मोपकी में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज एवं युवा गोंडवाना संगठन के तत्वावधान में ईशर राजा–गौरा माता विवाह एवं महाबरात कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें पारंपरिक नृत्य, भजन और पूजा-अर्चना के माध्यम से गोंडवाना संस्कृति की अद्भुत झलक देखने को मिली। यह परंपरा आस्था, एकता और सामाजिक समरसता का सुंदर प्रतीक रही। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सभी श्रद्धांलुओं को बधाई देते हुए कहा कि गौरा-गौरी विसर्जन हमारे लोकजीवन की आत्मा है। यह पर्व हमारी संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ाते हैं और नई पीढ़ी को हमारी परंपराओं से परिचित कराते है।

## रायगढ़, भिलाई, दुर्ग सहित कई जिलों के कलाकारों ने मचाया धमाल

# भटगांव में हुई राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर भटगांव के मौली माता चौक में लक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता रखा गया जिसमें 40 प्रतियोगियों ने ग्रुप, युगल, व सिंगल डांस किया, जिसमे रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, सारंगढ़, चापा अन्य जगहो से ग्रुप शामिल हुये थे। यह कार्यक्रम रात 8 से सुबह 6 बजे तक चला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड के पार्षद व सभापति लीलाधर वैष्णव, कार्यकम के अध्यक्ष विक्रम कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत भटगांव, विशिष्ट अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष व पार्षद प्रवेश दुबे व





उपाध्यक्ष नगर पंचायत भटगांव प्रदीप देवांगन ने संबोधित कर नगरवासीयो को दीपावली व आयोजन समिति के अच्छे कार्यक्रम के लिये बधाई दिये। साथ ही नगर के सभी पार्षदगण व जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल रहें।

इस कार्यक्रम में ग्रुप डांस मे प्रथम ईनाम प्रतिमा डाँस ग्रुप भिलाई ने 25,555, व द्वितीय ईनाम सरारा डांस ग्रुप सारंगढ़ ने 12,222 , व तृतीय पुरस्कार के रूप में' ऑपरेशन सिंदूर डॉस ग्रुप ने 6,666 रुपए प्राप्त कर अपना परचम लहराया I वही युगल डॉस ग्रुप में प्रथम इनाम जय छत्तीसगढ़ पामगढ़ ने 6,666 व द्वितीय राजा हिदुस्तानी रायपुर ने 3,333 व तृतीय इनाम टू लिटिल स्टार सराईपाली 2,222 रुपए प्राप्त कर अपना स्थान बनाया I वहीं एकल डाँस में प्रथम स्थान पर संजना सोनी कोरबा ने 3,333 रुपया व द्वितीय स्थान पर झांसी की रानी लक्ष्मी बाई ने 2,222 व तीसरे स्थान पर चंचल मानिकपुरी जेवराडी ने 1111 रुपये का इनाम प्राप्त किया। नगर में मौली माता चौक में यह आयोजन का 6 वां वर्ष है और लगातार एक से बढ़ कर एक कार्यक्रम इस समिति द्वारा आयोजित किया जाता है। यह कार्यक्रम पूरे रात भर चलता है। जिसमे दर्शक कार्यक्रय का आंनद रात भर लेते रहे है। सुरक्षा व्यवस्था में भटगांव थाना की टीम रात भर लगी रही।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- [+5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411